(6) Full use of indigenous talents, machines and know-how; optimum utilisation of the existing installed capacity of all industrial units both in the private and public sector; effecting shorter working hours per day and shorter working week, which could be five day a working week with a maximum of forty hours;

(7) The education policies should be re-oriented so as to make education need-based and purposive.

Most of these suggestions made in the Resolution are already engaging the attention of Government and these will be kept in view in formulating the Draft Fifth Plan.

## अपात्र व्यक्तियों को ताम्र पत्र दिया जाना

4938. **श्री जगदीश नारायण मंडल :** क्या गृह मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जिन स्वतन्त्रता सेनानियों को 15 अगस्त, 1972 को ताम्र पत्र प्रदान किया गया था उनमें से ऐसे स्वतन्त्रता सेनानियों की संख्या कितनी है जो सरकारी पदों पर हैं अथवा जो सत्याग्रह आन्दोलन के बाद सरकारी पदों से सेवा निवृत हो गए है;

(ख) क्या सरकार को समाचारपत्रों में प्राप्त की गई इस आलोचना का पता है कि ताम्र पत्र अधिकांशत: ऐसे व्यक्तियों को दिए गए हैं जो कभी जेलों तक नही गए अथवा केवल विभिन्न अपराधों के लिए जल गए हैं ; और यदि हां, तो इस प्रकार की आलोचना का खण्डन करने के लिए क्या कार्यवाही की गई है ; और

(ग) क्या सरकार के ध्यान में कुछ ऐसे मामले आए हैं जिनमें असावधानी से अपात्र व्यक्तियों को ताम्र पत्र प्रदान किए गये हैं और यदि हां, तो ऐसे मामलों की संख्या कितनी है ?

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कृष्ण चन्द्र पन्त) :** (क) उपलब्ध सूचना के अनुसार 12 सरकारी कर्मचारियों और 8 सेवा-निवृत सरकारी कर्मचारियों को ताम्र पत्र दिए गए थे। सेवारत अथवा सेवा-निवृत सरकारी कर्मचारी, यदि पात्र स्वतन्त्रता सेनानी है तो उन्हें ताम्रपत्र प्राप्त करने से वंचित नहीं किया जाता।

(ख) अपात्र व्यक्तियों को पाम्रपत्र दिये जाने की विशिष्ठ शिकायतें सम्बन्धित राज्य सरकारों की जांच पड़ताल और उचित कार्यवाही के लिए भेजी जाती हैं। यह कहा जा सकता है कि कारावास के अतिरिक्त कुछ अन्य किस्म की यातनायें तथा दन्ड ताम्रपत्र प्राप्त करने के लिए मानदन्ड की सूची में निर्दिष्ट किये गये हैं।

(ग) अपात्र व्यक्तियों को ताम्रपत्र प्रदान करने के सम्बन्ध में कुछ शिकायतें प्राप्त हुई हैं। उन्हें शीघ्र सम्बन्धित राज्य सरकारों की जांच पड़ताल तथा आवश्यक उचित कार्यवाही हेतु भेज दिया जाता है।

## सरकारी तथा गैर-सरकारी क्षेत्र में अखबारी कागज की मिलें

4939. **डा० लक्ष्मी नारायण पांडेय :** क्या **औद्योगिक विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय सरकारी तथा गैर-सरकारी क्षेत्र में अखबारी कागज की कितनी मिलें हैं; और